अमेरिका से लेकर ब्रिटेन, जापान और यूरोपीय देशों में सरकारी और निजी कार्यालयों, अस्पतालों और रेलवे में जरूरी सेवाएं बाधित

माइक्रोसॉफ्ट की गड़बड़ी से दुनिया में लोग बेहाल

समस्या



वाशिंगटन, एजेंसी। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं बाधित होने से दुनियाभर में संचार और दूसरी सेवाओं को लेकर हड़कंप मच गया। गुरुवार देर रात से ही अमेरिका से लेकर ब्रिटेन, जापान और कई देशों में कामकाज प्रभावित हुए। इस कारण लोग परेशान रहे।

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने एक बयान में कहा कि इस आउटेज के चलते प्रशासनिक कामकाज पर व्यापक असर पड़ा है। जापान के उप-कैबिनेट सचिव मसानो ओजाकी ने कहा कि सेवा बाधित होने से सरकारी संचार व्यवस्था पर बुरा असर देखने को मिला है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के साइबर सुरक्षा मंत्री टोनी बुर्के ने कहा कि ई-मेल के जरिए होने वाला संचार बाधित है। इससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

सिंगापुर में भी परेशानी हुई : सिंगापुर की सरकार ने बताया कि गड़बड़ी के चलते सरकारी काम से जुड़े ई-मेल का आदान- प्रदान ठप हो गया है। फिलीपींस के सुप्रीम कोर्ट का भी कामकाज काफी प्रभावित हुआ।

ब्रिटेन : टालने पड़ गए ऑपरेशन
तकनीकी खराबी के कारण नेशनल हेल्थ सर्विस में कई मरीजों का ऑपरेशन टालना पड़ा। दरअसल, गड़बड़ी के कारण अस्पताल के प्रबंधकों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच संचार सेवा बुरी तरह बाधित हुई है। इस वजह से कई मरीजों के ऑपरेशन भी टालने पड़ गए।

जापान : संदेश के सहारे लिया काम
सरकार ने तकनीकी गड़बड़ी के बाद सभी मंत्रालयों को संदेश के जरिए लोगों से संपर्क में रहने का निर्देश दिया। आर्थिक मंत्री रोएसई अकाजावा ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण कई सरकारी कामकाज बाधित हुए हैं। सरकार की स्थिति पर नजर है।

फ्रांस: कार्यालयों में लोगों की लंबी कतार
सरकार ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के चलते राष्ट्रपति कार्यालय से लेकर स्थानीय स्तर पर कोई कामकाज नहीं हो सका। दफ्तरों में लोगों की कतारें लगी थीं, मगर ईमेल जैसी बुनियादी सुविधा बंद होने के कारण काम पूरी तरह ठप रहा। होटल,रेस्टोरेंट की बुकिंग पर भी असर पड़ा है।

यूरोप : नहीं निकल सका ट्रेन टिकट
जर्मनी, कनाडा और ब्रिटेन समेत कई यूरोपीय देशों में लोग यात्रा से पहले अपना ट्रेन टिकट नहीं निकाल सके क्योंकि ईमेल सेवा बाधित थी। कई लोगों लोगों का कहना है कि मेल पर टिकट होने के बावजूद उन्हें यात्रा का मौका नहीं मिला। इस वजह से कई जरूरी काम छूट गए।

जीवन को आसान बनाने वाली सेवाओं पर संकट

न्यूयॉर्क। दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की जो सेवाएं बाधित हुईं वो आम लोगों के काम को आसान बनाने से जुड़ी हैं। माइक्रोसॉफ्ट-365, को-पायलट और टीम्स के बाधित होने से दुनियाभर में बड़े पैमाने पर कामकाज बाधित हुआ। आइए जानते हैं, ये सेवाएं आम लोगों के जीवन से कैसे जुड़ी हैं...

माइक्रोसॉफ्ट-365: आसानी से होते हैं काम
ये डिजिटल ऑफिस सॉफ्टवेयर, क्लाउड सेवा है। इसका उपयोग घर, स्कूल, कॉलेज, ऑफिस और बिजनेस में होता है। इसमें एमएस वर्ड, एमएस- एक्सेल, एमएस पॉवर पॉइंट, एमएस आउटलुक होता है।

इसके फायदे
1. कहीं से भी इंटरनेट के माध्यम से काम कर सकते हैं।
2. फाइलों को ऑनलाइन सेव और शेयर किया जा सकता है।
3. एक साथ कई लोग एक ही फाइल पर काम कर सकते हैं।
4. समय और मेहनत की बचत होती है। साथ ही डाटा सुरक्षित रहता है।

माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट: तेजी से मिलता है जवाब
यह एआई आधारित डिजिटल सहायक है। यह काम को आसान, तेज, बेहतर बनाने में मदद करता है। इससे व्यक्ति सवालों का जवाब आसानी पा सकता है।
- **कंटेंट लिखना :** पत्र, ई-मेल, निबंध और आर्टिकल लिख सकते हैं।
- **तस्वीर बनाना :** शब्दों के जरिए निर्देश देकर नई तस्वीरें तैयार की जा सकती हैं।
- **अनुवाद करना :** यह एक भाषा के टेक्स्ट को दूसरी भाषा में अनुवाद कर सकता है।
- **सारांश बनाना :** लंबे लेख, दस्तावेज और जानकारी को कम शब्दों में समझा सकता है।

माइक्रोसॉफ्ट टीम्स: संचार और सहयोग का मंच
ये ऑनलाइन कम्युनिकेशन और सहयोग से जुड़ा प्लेटफॉर्म है। इसका उपयोग ऑफिस, स्कूल, कॉलेज और बिजनेस में होता है। इसकी मदद से लोग इंटरनेट के माध्यम से एक- दूसरे से जुड़कर काम कर सकते हैं।

इस ऐप से क्या कर सकते हैं?
- **वीडियो कॉलिंग :** कहीं से किसी को वीडियो कॉल कर सकते हैं।
- **मीटिंग :** ऑफिस या स्कूल की मीटिंग ऑनलाइन कर सकते हैं।
- **चैटिंग :** किसी व्यक्ति या ग्रुप को मैसेज भेज और प्राप्त कर सकते हैं।
- **फाइल :** डिजिटल फाइल गोपनीयता के साथ साझा कर सकते हैं।
- **स्क्रीन शेयरिंग :** ऑनलाइन मीटिंग में कंप्यूटर स्क्रीन साझा कर सकते हैं।

जेनसन हुआंग तीसरे प्रेम-प्रसंग के आरोप में घिरे



कैलिफोर्निया, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेनसन हुआंग से जुड़ा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। अब दावा किया गया है कि उनके एक तीसरी महिला के साथ भी संबंध थे। यह महिला भी एनवीडिया की ही कर्मचारी हैं। हालांकि, महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है।

एक समाचार एजेंसी ने मामले से परिचित दो लोगों के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले दो महिलाओं के साथ उनके अफेयर की खबरें सामने आई थीं। इनमें एक चीनी महिला एजेंसिस हुआंग थी, जिसे लेकर अमेरिका ने दावा किया है कि वह चीन की जासूस है। दूसरी महिला एनवीडिया की ही स्वास्थ्य क्षेत्र की उपाध्यक्ष किम्बर्ली पॉवेलहैं। इन खुलासों के बाद हुआंग ने गुरुवार को कंपनी के सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया था। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी के बोर्ड ने दो महिलाओं के साथ संबंधों की खबरों के बाद हुआंग को हटाने का फैसला किया था। बताया जा रहा है कि इस्तीफे से पहले हुआंग मानसिक रूप से बेहद टूट चुके थे। हाल के दिनों में उनसे बात करने वाले कुछ लोगों ने बताया कि वह खुद को 'घटिया इंसान' तक कहने लगे थे।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, हुआंग का वर्षों से पहचाना जाने वाला आत्मविश्वास गायब हो चुका था। वह बातचीत में 'जो भी हो' और 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता' जैसे वाक्य इस्तेमाल करने लगे थे।

ट्रंप ने वाणिज्य मंत्री लुटनिक का बचाव किया



एनवीडिया के एआई चिप चीन पहुंचने से रोकने में लापरवाही को लेकर अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक पर सवाल उठ रहे हैं। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने मंत्री के बचाव में आ गए हैं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने गुरुवार को ईमेल के जरिए दिए बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को मंत्री लुटनिक और अपनी जिम्मेदारी निभाने की उनकी क्षमता पर पूरा भरोसा है। पहियायोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने उन कंपनियों के खिलाफ नई सख्ती की मंजूरी दी थी, जिन पर एआई चिप चीन पहुंचाने का संदेह है। आरोप है कि लुटनिकने ये इस निर्देश पर कार्रवाई करने में देरी की।

गवाही देने का दबाव बढ़ा

चीन की कथित महिला जासूस से संबंधों के मामले में जेनसन हुआंग पर संसद के सामने गवाही देने का दबाव बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि सांसद उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा और सेपेदनशील तकनीक की सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछना चाहते हैं। पूछताछ दिसंबर में हो सकती है। हुआंग पहले ही गवाही देने के लिए तैयार हो गए हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक को भी गवाही के लिए बुलाया गया है।

नए सीईओ की तलाश

जेनसन हुआंग के इस्तीफे के बाद एनवीडिया नए सीईओ की तलाश में जुट गया है। फिलहाल कंपनी की मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ बनाया गया है। अब स्थायी सीईओ चुनने की जिम्मेदारी 10 सदस्यों वाले बोर्ड पर है। विशेषज्ञ के मुताबिक, बोर्ड की मौजूद स्थिति को देखते हुए किसी निदेशक को ही जल्दबाजी में या सीईओ बनाने की संभावना भी कम है।

10 सदस्यों वाला एनवीडिया का बोर्ड नया सीईओ चुनेगा

05 दिनों में एनवीडिया के शेयर 550 अरब डॉलर घटे

सिंगापुर ने एलिस हुआंग के प्रवेश पर रोक लगाई

जेनसन हुआंग से संबंधों और चीन के लिए जासूसी करने के शक के कारण चर्चा में आई एलिस हुआंग को सिंगापुर ने देश में दोबारा प्रवेश करने से रोक दिया है। सिंगापुर के गृह मंत्रालय ने बताया कि एलिस को मेगास्थीड इंटरनेशनल में अपनी भूमिका को लेकर गलत जानकारी देने पर सख्त चेतावनी दी गई थी। हालांकि, उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले। मेगास्थीड और छह अन्य लोगों के खिलाफ जांच जारी है। यह जांच सर्वर की खरीद के दौरान कथित तौर पर गलत घोषणाएं करने के मामले में हो रही है।

मणिपुर में कारों पर अंधाधुंध फायरिंग, चार की जान गई

सनसनीखेज

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो वाहनों पर गोलीबारी की। इसमें दो महिलाओं समेत चार लोग मारे गए।

पुलिस ने बताया कि घटना इंफाल-उखरुल मार्ग पर न्यू हेवन इलाके में हुई। यहां उग्रवादियों ने दो कार पर गोलीबारी की। घटना में कार सवार दो महिलाओं और दो पुरुष की मौके पर मौत हो गई। दोनों वाहन के शीशे पर गोलियों के निशान मिले हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक दिन पहले गुरुवार को राज्य के कांगपोकपी जिले में संदिग्ध उग्रवादियों की गोलीबारी में 42 वर्षीय एक कुकी महिला की गोली लगने से मौत हो गई थी।

तीन सौ से अधिक मौतें

मई 2023 में घाटी में रहने वाले मैतेई और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच भड़के जातीय संघर्ष में अब तक 306 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 49 लोग लापता और हजारों बेघर हो गए हैं। यह शिविर में रहने के लिए मजबूर हैं।

ईरान ने बहरीन में अमेरिकी रडार उड़ाया

दुबई, एजेंसी। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने बहरीन में लगे अमेरिकी चेतावनी रडार को निशाना बनाया। उसके इस दावे पर अमेरिका या बहरीन की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि उसके इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। ईरान ने इसे अपने दक्षिणी इलाके में एक टेलीकॉम टावर पर हुए हमले का जवाब बताया है। यह हमला ऐसे समय किया गया है, जब अमेरिका और ईरान मध्यस्थों के माध्यम से युद्धविराम की कोशिश कर रहे हैं। इस हमले के बाद मामला जारा है कि खाड़ी में तनाव एक बार फिर बढ़ सकता है।

एसआई के बेटे ने रोडरेज में युवकों पर की फायरिंग

वारदात

- सड़क पर खड़ी कार हटाने को लेकर विवाद
- दो युवकों को छूकर निकल गई गोली

फरीदाबाद,संवाददाता। सड़क पर खड़ी कार हटाने को लेकर हुए विवाद में दिल्ली पुलिस के एएसआई के बेटे ने चार युवकों पर गोलियां चला दीं। घटना में दो युवक गोली लगने से गंभीर घायलहैं, जबकि दो बाल-बाल बचे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता पीयूष ने बताया कि 12 नवंबर की रात करीब 9:20 बजे वह अपने चचेरे भाइयों प्रशांत, प्रिंस और तुषार के साथ कार से दिल्ली रेलवे स्टेशन जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही बेजा कार को रास्ता देने के लिए उन्होंने लाइट दी तो बेजा चालक जसवंत ने कार उनकी गाड़ी के आगे लगाकर रास्ता रोक दिया। इसे लेकर कहासुनी के बीच जसवंत ने गाली-गलौज करते हुए लाइसेंसी रिवाल्वर निकाली और चारों युवकोंपर गोलियां चला दीं। प्रशांत और प्रिंस गोली लगने से घायल हो गए, जबकि पीयूष और तुषार बाल-बाल बचे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आईआईटी रुड़की के छात्र ने फंदे से लटककर जान दी

हरिद्वार। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में शुक्रवार को बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटका मिला। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, छात्र आयुष मूलतः उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का निवासी था। खुदकुशी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोविंद भवन स्थित कमरे का दरवाजा तोड़कर शव निकाला।

मिनी बस और ट्रक की टक्कर, 26 मरे

काजीरंगा, एजेंसी। असम में काजीरंगा नेशनल पार्क के पास शुक्रवार को एक मिनी-बस और कंटेनर ट्रक की टक्कर हो गई। इसमें 26 की जान चली गई, जबकि 20 लोग घायल हैं।

मृतकों में कई कॉलेज के छात्र थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरम ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

यूक्रेन ने रूस पर 1200 से ज्यादा ड्रोन हमले किए

मॉस्को, एजेंसी। यूक्रेन ने गुरुवार देर रात रूस पर 1200 ड्रोन हमले किए, जिसमें नौ लोग मारे गए। जवाब में मॉस्को ने कीव के एक अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें तीन लोग मारे गए।

हमले ऐसे समय किए गए जब युद्ध विराम पर चर्चा के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने के लिए रवाना हुआ था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि उसने रात भर में यूक्रेन के लगभग सभी ड्रोन मार गिराए। यह कीव द्वारा एक साथ भेजे गए सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक था।

कंपनी पर साइबर हमला : यूक्रेन को ड्रोन सप्लाई करने वाली जर्मनी की प्रमुख रक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी क्वांटम सिस्टम्स पर बीते महीने साइबर हमला किया गया था। इसके बाद ड्रोन की खेप को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। यह जानकारी शुक्रवार को सामने आई।

देश-विदेश 30 S

अमेरिका में पुल से टकराया मालवाहक पोत

फिलाडेल्फिया। अमेरिका में डेलवेयर नदी पर बने पुल से शुक्रवार को मालवाहक पोत के टकराने के बाद न्यू जर्सी और फिलाडेल्फिया के बीच यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने कहा कि इस टक्कर के कारण 1,115 मीटर लंबा टैकोनी-पाल्मायरा पुल बंद नहीं हो पा रहा है, जिससे फिलाडेल्फिया और ओर भारी जाम लग गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। यह एक ड्रॉब्रिज यानी खुलने वाला पुल है। जब नदी से कोई बड़ा पोत गुजरता है, तो पुल के बीच के हिस्से को ऊपर उठा दिया जाता है।

तालिबान-रूस में 15 समझौतों पर हस्ताक्षर

काबुल। अफगानिस्तान संग व्यापार बढ़ाने, निवेश पर चर्चा के लिए गुरुवार को रूसी उप प्रधानमंत्री एलेक्सी ओवरचुक के नेतृत्व में रूसी प्रतिनिधिमंडल काबुल पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने तालिबान के साथ 15 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। तालिबान प्रशासन ने रूस से पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने और देश में छोटी तेल रिफाइनरियों के निर्माण के साथ खनन क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह किया है। दोनों देशों ने 10.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

अग्निवीरों के पास अब है अतिरिक्त अवसर

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने शुक्रवार को आईएनएस चिल्का में अग्निवीरों के नौवें बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अग्निपथ योजना में बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब अग्निवीरों के पास नियमित नाविक बनने का अतिरिक्त अवसर है। ओडिशा स्थित नौसेना के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान में बैच 02/26 की भव्य पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। इस दौरान नौसेना प्रमुख मुख्य अतिथि थे।

कैंसर रोधी दवाओं के दाम की सख्त निगरानी होगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय औषधि मूल्य-निर्धारण प्राधिकरण ने गैर-अनुसूचित श्रेणी की 137 कैंसर रोधी दवाओं के व्यापार मार्जिन को तर्कसंगत बनाए जाने के बाद इनकी कीमतों की सख्त निगरानी करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण ने तय कीमत से अधिक वसूली करने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

हैकर्स ने 40 करोड़ डॉलर की क्रिप्टो करेंसी चुराई

वाशिंगटन। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरियाई के हैकरों ने 18 महीनों में 40 करोड़ डॉलर से ज्यादा की क्रिप्टो करेंसी चोरी की है। फेसस्टील सोशल इंजीनियरिंग के जरिए हैकर्स क्रिप्टोकरेंसी, वेब3 और ओपन- सोर्स सॉफ्टवेयर विकास से जुड़े लोगों को निशाना बना रहे हैं। दरअसल, हैकर्स सोशल मीडिया, कम्युनिकेशन अकाउंट्स को हैक कर वीडियो कॉल का आमंत्रण भेजते हैं।

कंगना रनौत के खिलाफ एफआईआर दर्ज



शिमला। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। यह कार्रवाई गांधी परिवार को लेकर उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर मिली एक शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणियों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मृत्यु से जुड़े संदर्भों का जिक्र है।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्स कारपोरेशन लि.
अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड - प्रथम, वाराणसी

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या- 09/वि.प्रे.खं.-प्र(वा.)/2026-27, **कार्य का विवरण:** विद्युत प्रेषण खण्ड-प्रथम, वाराणसी के अन्तर्गत 220/132 के.वी. उपकेन्द्र राजा का तालाब (उ0टरा), वाराणसी पर स्थापित 02 अदद 160 एमवीए परिवर्तको एवं सम्बन्धित उपकरणों की पेन्टिंग के कार्य को करवाये जाने हेतु। **निविदा खुलने की तिथि:** 15.12.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 590.00 (जी.एस.टी. सहित), **धरोहर धनराशि:** 2000.00 (रु. दो हजार मात्र)। निविदा सम्बन्धी अन्य विवरण पत्र सेनिविदा में संशोधित अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध करायी जायेगी।

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

पत्राक: 2297/वि.प्रे.खं.प्र.(वा.)/ दिनांक-13.11.2026

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल-प्रथम, वाराणसी

ई-निविदा सूचना, दिनांक - 13.11.2026

ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण- 39/ई.टी.सी.(वा.)/ 2026-27 विद्युत प्रेषण खण्ड - तृतीय, साहपुरी के अन्तर्गत 400 के.वी. उपकेन्द्र साहपुरी पर Special Protection Scheme (SPS) की इरेक्शन एवं कमीशनिंग का कार्य।

निविदा प्रपत्र का मूल्य: 590.00 (जी.एस.टी. सहित), **निविदा धरोहर धनराशि:** रु. 6,000.00

निविदा की अन्तिम तिथि: 15.12.2026 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in/nicgep/app** पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

पत्राक: 1048/वि.प्रे.मं.प्र.(वा.)/निविदा/2026-27 दिनांक-13.11.2026

जलकल विभाग, नगर निगम
भेलूपुर, वाराणसी

अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी में विभिन्न कार्यों हेतु अति अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र, शर्तें अधिकृत वेबसाइट ई-टेण्डर पोर्टल **www.etender.up.in** पर उपलब्ध है। निविदा को निर्धारित तिथि से पोर्टल पर आनलाईन डाउनलोड / अपलोड कर सकते है।

निविदा प्रकाशन की तिथि	-	दिनांक 13.11.2026 अपराहनः 03:00 बजे।
निविदा डाउनलोड की तिथि	-	दिनांक 13.11.2026 अपराहनः 03:30 बजे।
निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि	-	दिनांक 13.11.2026 सायः 04:00 बजे।
निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय	-	दिनांक 19.11.2026 सायः 04:00 बजे।
निविदा खोलने की तिथि/समय	-	दिनांक 19.11.2026 सायः 05:30 बजे।

अधिशासी अभियन्ता (मु.)
जलकल विभाग, नगर निगम,
वाराणसी

पत्राक -997/II/अधि. अभि. (मु.)/ज.क.न.नि. दिनांक 13.11.2026

punjab national bank
... name you can BANK upon!

पंजाब नैशनल बैंक
... भरोसे का प्रतीक

स्थायरनगरी वाराणसी– एच 20/56– डी सेकेनी पेरेड, ट्रक मार्ग, कैण्ट, वाराणसी – 221002 (उ0प्र0), ई-मेल: cs8331@pnb.bank.in

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के तहत सर्वसाधारण को ई—नीलामी की सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं / या 9 (1) के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी चार्ज की गई है, जिसका स्वनामधन्य/मेसर्स/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वित्तीय राशि के लिए निम्नलिखित तिथि पर **"जहां है जैसे है" और "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी वहाँ है"** पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से बैंक / सुरक्षित ऋणदाता को देय। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी।

अचल सम्पत्ति एवं चुरक्षित प्रतिभूतियों का विवरण

क्र0 सं0	उधारकर्ता का खाता / शाखा का नाम	सम्पत्ति का विवरण	बकाया राशि दिनांक 31.10.2026 तक (क) 2 की दिनांक (ख) 3 की दिनांक कब्जे का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक)	आरक्षित मूल्य (वित्तीय परिसंपत्ति (रु) डाव ई) इंडस्ट्रियल प्रापर्टी अचिन्ह धरोहर राशि जमा करने की अन्तिम तिथि	निलामी हेतु दिनांक एवं समय	सुरक्षित लेनदार को ज्ञात ज्ञानकारी का विवरण
1	**ऋणी: 1. भेलवॉ स्वास्तिक एंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर: श्री विश्वनाथ दुबे पुत्र जय प्रकाश दुबे, पता: गांव: कांधरपुर, मिर्जापुर ईट भट्ठा के पास, पुरुषपोत, सदर जौनपुर उ0प्र0–222001** **2. श्री शिवकान्त दुबे पुत्र जय प्रकाश दुबे,** गांव: कांधरपुर, मुरादगंज जौनपुर, उ0प्र0–222001 **जमानतकर्ता: 3. श्री यशीश कुमार दुबे पुत्र मणिशंकर दुबे,** ग्राम कांधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर, उ0प्र0– 222001 **जमानतकर्ता/बंधककर्ता: 4. श्री जय प्रकाश दुबे पुत्र मणिक चंद्र दुबे,** पता: गांव– कांधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर, उ0प्र0– 222001 **शाखा: स्थायरनगरी वाराणसी (833100)**	पंजीकृत बंधकदर्ता की आवासीय सम्पत्ति आराजी संख्या 10, ग्राम/मोहल्ला – कांधारपुर, परगना–हवेली, तहसील सदर, जिला जौनपुर में स्थित है। क्षेत्रफल 0.045 हेक्टेयर अर्थात 0.113. 76 वर्ग फुट, जो कि कुल 0.599 हेक्टेयर में से है। पितेश 30 8407, दिनांक 01.10.2018 के अनुसार, जो उप–पंजीयक कार्यालय सदर, जौनपुर में कुल संख्या 1, खंड संख्या 7520 के पृष्ठ 257 से 274 पर पंजीकृत, मालिक: जय प्रकाश दुबे पुत्र स्वर्गीय मानिकचंद, **चौहद्दी: विवरण के अनुसार: पूर्व**–आराजी संख्या 11, **पश्चिम**–पक्की सडक, **उत्तर**–आराजी संख्या 10, सतीश कुमार, **दक्षिण**–आराजी संख्या 10, ओम प्रकाश	**रू0 37,82,474.69** + व्याज के साथ दिनांक 01.11.2026 से लागतें + दीवानी एवं अन्य शुल्क लगे हुये, परन्तान लंबाई, पति आई हो 14.06.2021 20.09.2021 सांकेतिक	22,64,000.00 2,26,400.00 50,000.00 14.12.2026 सायं 04:00	15.12.2026 11:00 AM to 04.00 PM	कुछ नहीं

नियम एवं शर्तें :– बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी। 1. संपत्तियां **"जहां है जैसे है" और "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी वहाँ है"** के आधार पर बेची जा रही है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्देश्योंघणा में किसी भी चूटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधीस्तासारी द्वारा वेबसाइट https://ebkray.in/baanknet.com पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऊपर लिखे दिनांक व समय के अनुसार की जायेगी तथा बोलीकर्ताओं को सलाह दीजाती है कि नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट https://ebkray.in/baanknet.com पर रजिस्टर करें। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया देखे https://ebkray.in/baanknet.com और www.pnbindia.in/ या **श्री फल चन्द, मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी (मोबाइल नंबर–9204057664) से सम्पर्क करें।**

नोट : विवाद की स्थिती में अंग्रेजी अंक प्रकाशन ही मान्य होगा।

दिनांक : 12.11.2026, स्थान: वाराणसी सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं / या 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

कार्यालय-पशु कल्याण विभाग, नगर निगम वाराणसी

पत्राक - 381/प.क.अ./2026-27 दिनांक- 06 नवम्बर, 2026

ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27, 2027-28 एवं 2028-29 (03 वर्ष) के लिए नगर निगम वाराणसी द्वारा संचालित समस्त कांजीहाउस एवं गौशालाओं में आश्रित चावल एवं बीमार गौवंशों / पशुओं के लिए दवा की आपूर्ति कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उ.प्र. ई-प्राक्योरमेन्ट की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा को ऑनलाइन डाउनलोड/ अपलोड करना होगा। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय 07.12.2026, अपराहन 3:00 बजे तक एवं निविदा खोलने की अन्तिम तिथि व समय 07.12.2026, अपराहन 4:00 बजे तक है।

पत्राक - 382/प.क.अ./2026-27 दिनांक- 06 नवम्बर, 2026

ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27, 2027-28 एवं 2028-29 (03 वर्ष) के लिए नगर निगम वाराणसी द्वारा संचालित समस्त कांजीहाउस, गौशाला, गंगा नदी एवं घाटों से एवं नगर निगम सीमानर्गत प्राप्त निराश्रित मृत पशुओं के शव निस्तारण किये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उ.प्र. ई-प्राक्योरमेन्ट की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा को ऑनलाइन डाउनलोड/ अपलोड करना होगा। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय 07.12.2026, अपराहन 3:00 बजे तक एवं निविदा खोलने की अन्तिम तिथि व समय 07.12.2026, अपराहन 4:00 बजे तक है।

पशु कल्याण अधिकारी
नगर निगम वाराणसी

पत्राक - 205/पी.प्र.नि./2026-27 दिनांक-13.11.2026

प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड सी–27/210, कैलगढ़ हाउस, जगतगंज, वाराणसी–221001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं मु